INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 8th (3rd Lang)	Department: Hindi	Date of submission:1 week
Worksheet No:1	Topic: अर्थग्रहण	Note: Pls file in your portfolio

निर्देश- दिए गए अनुच्छेद के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए|

किसी भी कार्य का महत्त्व और उसकी सुंदरता उसके समय पर पूरे किए जाने पर ही है। इसीलिए जीवन में समय का बहुत ही महत्त्व है| अत्यंत सुंदरता से किया हुआ कार्य भी यदि आवश्यकता के पहले न पूरा हो सके तो उसका किया जाना व्यर्थ ही होगा। उदाहरण के लिए चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिए जाने के बाद यदि खेत का रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो वह बाद में हँसी का पात्र ही बनेगा। उसके द्वारा देर से किए गए किसी प्रयत्न का कोई मूल्य नहीं होगा। परिश्रम की महिमा तभी है जब उसका लाभ किसी को मिल सके। इसी तरह यदि बादलों द्वारा बरसाया गया जल किसान की फ़सल को फलने-फूलने में मदद नहीं कर सकता तो उसका बरसना व्यर्थ ही है। अवसर का सदुपयोग न करने वाले व्यक्ति को इसी कारण पश्चाताप करना पड़ता है। कोई विद्यार्थी यदि परीक्षा से पूर्व पढ़ाई नहीं करता तो उसे परीक्षा में सफलता नहीं प्राप्त हो सकती है| इसीलिए बार-बार समझाया जाता है कि समय के महत्त्व को समझें और इसका सदुपयोग करें|

प्रश्न1-जीवन में समय का महत्त्व क्यों है?

उत्तर- ---

प्रश्न2- खेत का रखवाला हँसी का पात्र कब बन जाता है?

उत्तर- ---

प्रश्न3- बादल का बरसना कब व्यर्थ हो जाता है?

उत्तर- ---

प्रश्न4- परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी को क्या करना चाहिए?

उत्तर- ---

प्रश्न5- गद्यांश के लिए उचित शीर्षक क्या हो सकता है?

उत्तर- ---

---000---